स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना मुख्य ध्येय

संयुक्त ब्रीफिंग में डीएम ने दी गाइडलाइंस की जानकारी

जमुई (आससे)। बिहार विधान परिषद के कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन के अंतर्गत 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान को



निष्पक्ष , स्वतंत्र , पारदर्शी और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने हेतु सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह डीएम श्री नवीन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में पीठासीन पदाधिकारी , स्टैटिक दंडाधिकारी , जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। एसपी विश्वजीत दयाल मौके पर उपस्थित थे। श्री नवीन ने मौके पर मौजूद अधिकारियों , दंडाधिकारियों , पुलिस पदाधिकारियों और मतदान दलों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने का पाठ पढ़ाया। कहा कि जिले में कुल 11 मतदान केंद्र बनाए गए हैं , जिनमें प्रखंड विकास पदाधिकारी , जमुई के कार्यालय में एक तथा शेष 10 मतदान केंद्र जिले के सभी अंचल कार्यालयों में गठित किया गया है। इस निर्वाचन में जिले के कुल 6455 मतदाता (5252 पुरुष और 1203 महिला मतदाता) अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 15 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। मतदान का समय पूर्वाह्न 08ः00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निर्धारित है।

निर्वाचन प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए ब्लब्लब्लब्लब्लब्ल श्रश्र के संबंध में पीठासीन पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सामग्री प्राप्त करने से लेकर वज्रगृह तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ऐप% पर अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे। इसके अलावा मतदान दिवस के दिन हर दो घंटे पर मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी ब्लब्लब्लब्लब्ल श्रश्र पर दर्ज करने के साथ-साथ जिला नियंत्रण कक्ष को भी सूचित करें। मतदान की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। जिन वोटरों के पास मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है , ऐसी स्थिति में मतदाताओं की सुविधा और पहचान के लिए आयोग द्वारा निर्धारित 10 वैकल्पिक पहचान पत्रों (जैसे ड्राइविंग लाइसेंस , पैन कार्ड , पासपोर्ट , दिव्यांगता प्रमाण-पत्र आदि) के प्रयोग की अनुमति दी गई है। इसके साथ ही मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल , पेन या पेंसिल ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके लिए केंद्रों पर मोबाइल होल्डर और समर्पित कर्मियों की तैनाती की गई है। सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोनल , सुपर जोनल और स्टैटिक दंडाधिकारियों को सतर्क रहने तथा मतदान समाप्ति के उपरांत मतपेटी को निर्धारित रूट से सुरक्षित वज्रगृह तक पहुंचाने का सख्त निर्देश दिया गया। एडीएम रविकांत सिन्हा , डीटीओ डॉ.सुनील कुमार , डीसीएलआर सुजीत कुमार , उप निर्वाचन पदाधिकारी मो.नजरूल हक , वरीय उप समाहर्ता सावन आदि नामित ओहदेदार बैठक में उपस्थित थे।

तेघड़ा में काशी की तर्ज पर महाआरती

51 किलो के लड्डू का लगा भोग

हवेली खड़गपुर (आससे)। हवेली खड़गपुर प्रखंड के तेघड़ा गांव स्थित दुर्गा मंदिर में भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा दिखा। दिव्य दुर्गा पूजा फाउंडेशन की ओर से



काशी के गंगा घाटों की तर्ज पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। बनारस से आए पांच पंडितों ने विधि-विधान से आरती कराई। मंत्रोच्चार, शंखनाद और घंटियों की गूंज के बीच मां दुर्गा के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा।

महाआरती के दौरान माता रानी को 51 किलोग्राम वजन के विशाल लड्डू का भोग अर्पित किया गया। आयोजकों के अनुसार, मंदिर में पहली बार इतने बड़े एकल लड्डू का भोग लगाया गया।आरती और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। आयोजन को सफल बनाने में रवि कुमार, अरुण कुमार, रजनीशकांत, चिरंजीत मिश्रा, अभिनव मिश्रा, चंदन कुमार सहित फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया।

एसडीपीओ, डीसीएलआर समेत पदाधिकारी हुए सम्मानित

हवेली खड़गपुर (आससे)। नगर के बड़ी दुर्गा मंदिर में एसडीपीओ अभय कुमार, डीसीएलआर हलेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ संजय कुमार, थानाध्यक्ष राजेश कुमार और पुअनि अखिलेश कुमार और बिहार, झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार राजेश तोमर को बड़ी दुर्गा मंदिर समिति के अध्यक्ष राकेश चंद्र सिन्हा, उपसचिव



अमित कुमार और कोषाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष डा. अशोक केशरी ने माता की चुनरी भेंटकर उन्हे सम्मानित किया। वहीं विभिन्न मंदिर समिति की ओर से भी प्रशासनिक पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

प्रशासन एवं विसर्जन समिति सदस्य दिखे मुस्तैद

हवेली खड़गपुर (आससे)। दुर्गा पूजा के मेला और विसर्जन में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा। पुलिस की गश्ती टीम लगातार सक्रिय दिखा। पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य पुलिस कर्मी मेले और विसर्जन की गतिविधि पर अपनी पैनी नजर रख रहे थे। मंदिर



में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी भी सक्रिय रूप से विसर्जन यात्रा की गतिविधि पर अपना नियंत्रण रखते रहे। केंद्रीय विसर्जन समिति के सदस्य प्रतिमा विसर्जन को लेकर जगह-जगह हो रहे परेशानी को दूर करने में सहयोग किया। मनी नदी में बड़ी काली के विसर्जन को लेकर नगर परिषद के द्वारा जेसीबी से घाट का मरम्मत किया। अनुमंडल पदाधिकारी डॉ प्रेम कुमार अनुमंडल आरक्षी पदाधिकारी अभय कुमार इंस्पेक्टर अरविंद कुमार थाना अध्यक्ष राजेश कुमार केंद्रीय विसर्जन समिति के सदस्य योगेश्वर गोस्वामी संजीव कुमार मनोज कुमार रघु राजकिशोर केसरी यीशु यादव प्रशांत कुमार नंदन कुमार रजनीश झा विक्की कुमार एवं संजय ठाकुर आदि उपस्थित थे।

डीएम ने चुनाव को लेकर निषेधाज्ञा की लागू

मुंगेर (आस से)। 06-कोशी द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी, मुंगेर निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू की गई है।

इसके तहत मतदान की निर्धारित तिथि 23 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 05ः00 बजे से संध्या 07ः00 बजे तक जिले के अंतर्गत संबंधित मतदान केंद्रों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में सभी प्रकार के वाहनों, दोपहिया वाहनों सहित, के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही, आग्नेयास्त्र, विस्फोटक पदार्थ एवं भाला, गड़ासा, तलवार आदि घातक हथियार लेकर चलना भी निषिद्ध रहेगा। किसी वाहन अथवा व्यक्ति के पास तेजाब या घातक रसायन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

निर्वाचन कार्य में लगे वाहनों, निजी वाहन मालिक द्वारा स्वयं अथवा अपने परिवार के सदस्यों को मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी तक ले जाने वाले वाहनों तथा आपातकालीन सेवाओं में लगे वाहनों को प्रतिबंध से छूट प्रदान की गई है। इनमें एंबुलेंस, पानी टंकी, विद्युत की आपातकालीन सेवा, मिल्क वैन तथा रोगियों को अस्पताल ले जाने वाले वाहन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, निर्धारित मार्गों एवं निर्धारित स्थानों के लिए संचालित सार्वजनिक बसों को भी छूट रहेगी। निर्वाचन कार्य में लगे पुलिस पदाधिकारियों, पुलिसकर्मियों एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के उपयोग में आने वाले वाहनों तथा उनके आग्नेयास्त्रों को भी उक्त प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है।

जिला दंडाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निषेधाज्ञा का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। इसके तहत सुपर जोनल दंडाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी, सेक्टर दंडाधिकारी, गश्ती दल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में आदेश का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील किया है कि वे निर्वाचन की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए जारी निषेधाज्ञा का पालन करें तथा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

कोशी स्नातक द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए जिला पदाधिकारी शख्त

बांका (आससे)। बिहार विधान परिषद् के कोशी स्नातक द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के सफल, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर आज जिला पदाधिकारी, एवं पुलिस अधीक्षक, की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। इसमें मतदान दल, स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-मतपेटिका संग्रहण दल, माइक्रो प्रेक्षक, वीडियोग्राफर, जोनल दण्डाधिकारी एवं सुपर जोनल दण्डाधिकारी सहित निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उनके दायित्वों और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। ब्रीफिंग के दौरान मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने, विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा मतदान के उपरांत मतपेटिकाओं को सुरक्षित रूप से निर्धारित बज्रगृह तक पहुँचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

मतदान दल के पीठासीन पदाधिकारी निर्वाचन सामग्री एवं मतपेटिका प्राप्त करने के बाद समाहरणालय से अपने आवंटित मतदान केंद्र के लिए प्रस्थान करेंगे। स्टैटिकदण्डाधिकारी-सह-मतपेटिका संग्रहण दल एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल जिला कोषागार कार्यालय, बांका स्थित बज्रगृह से आवंटित मतदान केंद्र के लिए निर्धारित मतपत्र एवं



पेपर सील प्राप्त कर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए प्रस्थान करेंगे।

मतदान समाप्ति के बाद पीठासीन पदाधिकारी सीलबंद पोल्ड मतपेटिका तथा वैधानिक एवं गैर-वैधानिक पैकेट के साथ स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-मतपेटिका संग्रहण दल एवं पुलिस बल की अभिरक्षा में पूर्णिया स्थित निर्धारित बज्रगृह के लिए प्रस्थान करेंगे। पीठासीन पदाधिकारी एवं माइक्रो प्रेक्षक एक वाहन से जाएंगे, जबकि स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-मतपेटिका संग्रहण दल एवं पुलिस बल दूसरे वाहन से पीठासीन पदाधिकारी के वाहन को एस्कॉर्ट करते हुए पूर्णिया पहुँचेंगे। मतपेटिकाओं को जिला स्कूल, पूर्णिया परिसर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया में निर्धारित बज्रगृह में जमा कराया जाएगा।

माइक्रो प्रेक्षक दिनांक 22 अक्टूबर 2026 को समाहरणालय परिसर में योगदान देने के बाद मतदान दल के साथ सीधे आवंटित मतदान केंद्र पर जाएंगे । मतदान समाप्ति के बाद वे पीठासीन पदाधिकारी के साथ पूर्णिया स्थित बज्रगृह के लिए प्रस्थान करेंगे और अपना प्रतिवेदन संग्रहण स्थल पर निर्धारित काउंटर पर प्रेक्षक द्वारा प्राधिकृत कर्मी को हस्तगत कराएंगे। पोल्ड मतपेटिकाओं को पूर्णिया स्थित बज्रगृह तक सुरक्षित पहुँचाने के लिए सभी संबंधित मतदान दलों एवं दण्डाधिकारियों को आवश्यक सामग्री के साथ रूट चार्ट उपलब्ध कराया गया है। भागलपुर गंगा पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण सभी पीठासीन पदाधिकारी एवं स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-मतपेटिका संग्रहण दल के वाहन मुंगेर गंगा पुल के रास्ते पूर्णिया जाएंगे। किसी भी परिस्थिति में भागलपुर होकर नाव अथवा अन्य जलमार्ग से जाने की अनुमति नहीं होगी। चांदन एवं धोरैया प्रखंड सहित दूरस्थ मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान दल एवं दण्डाधिकारी विशेष रूप से समय प्रबंधन का ध्यान रखेंगे। सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे रास्ते में अल्पाहार अथवा भोजन के लिए कहीं नहीं रुकेंगे तथा आवश्यक अल्पाहार एवं भोजन पहले से पैक कर अपने साथ रखेंगे।

राज्य स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता के दौरान विधि-व्यवस्था का निर्देश

बांका (आससे)। राज्य स्तरीय वॉलीबॉल (बालक वर्ग) प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी



की अध्यक्षता में बैठक आयोजित जिला पदाधिकारी, बांका की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय विद्यालय खेल आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बांका जिले में आगामी राज्य स्तरीय वॉलीबॉल (बालक वर्ग) प्रतियोगिता का सफल, सुचारू एवं भव्य आयोजन सुनिश्चित करना था। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 28 अक्टूबर 2026 से 30 अक्टूबर 2026 तक आर.एम.के. इंटर विद्यालय के खेल मैदान में किया जाएगा। बैठक में जिला पदाधिकारी ने प्रतियोगिता के आयोजन से जुड़े विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा आयोजन को त्रुटिरहित एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

जिला पदाधिकारी द्वारा जिला खेल पदाधिकारी, बांका को खेल मैदान की तकनीकी व्यवस्था, वॉलीबॉल कोर्ट का मानक अनुरूप रखरखाव, रेफरी की व्यवस्था, खेल उपकरणों की उपलब्धता तथा प्रतियोगिता की समय-सारणी सहित सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रतियोगिता के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, तथा बाहर से आने वाली टीमों एवं अधिकारियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। खेल परिसर, खिलाड़ियों के आवासन एवं भोजन स्थल तथा आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं चलंत शौचालयों का सुदृढ़ प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बांका को दिया गया।

खेल मैदान, खिलाड़ियों एवं अधिकारियों के आवासन स्थल तथा भोजन स्थल पर 24म7 प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, आवश्यक दवाओं के साथ एंबुलेंस की तैनाती तथा डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश सिविल सर्जन, बांका को दिया गया। विभिन्न जिलों से आने वाले खिलाड़ियों एवं उनके कोच के आवासन तथा भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया।

वहीं, प्रतियोगिता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न चौक-चौराहों एवं बांका शहर के प्रमुख स्थलों पर बैनर-पोस्टर लगाने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, बांका को दिया गया। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि प्रतियोगिता का आयोजन सफल, सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

खेत में घास काट रहे किसान को सांप ने डंसा

हवेली खड़गपुर (आससे)। प्रखंड के रमनकाबाद पश्चिमी पंचायत के जटातरी गांव में खेत में घास काट रहे एक किसान को सांप ने डस लिया जिसमें किसान अचेत हो गए। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल हवेली खड़गपुर में भर्ती कराया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जटातरी गांव निवासी रामचंद्र कोड़ा अपने खेत में घास काटने गया था। इसी दौरान सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत हो गया। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉ. अरशद ने किसान का प्राथमिक इलाज किया और उसे गहन चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।

जनता के अधिकारों के सवालों को केंद्र में रखकर अपनी भूमिका निभाएं मतदाता

विधान परिषद चुनाव में एनडीए को हराने का आह्वान

भागलपुर(आससे)। कोसी स्नातक सीट सहित बिहार की 8 विधान परिषद सीटों के लिए 23 अक्टूबर 2026 को होने वाले चुनाव में भाकपा (माले) ने एनडीए उम्मीदवारों को हराने के लिए वोट करने का आह्वान किया है। भाकपा (माले) के राज्य कमिटी सदस्य और भागलपुर प्रमंडलीय जोन प्रभारी मुकेश मुक्त ने कहा कि बिहार में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनहित के मुद्दों को मजबूत करने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को शिकस्त देने की जरूरत है। उन्होंने मतदाताओं से संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और जनता के अधिकारों के सवालों को केंद्र में रखकर चुनाव में अपनी भूमिका निभाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि आज देश और बिहार के सामने संविधान, लोकतंत्र तथा जनता के अधिकारों की रक्षा एक महत्वपूर्ण सवाल है। भाजपा की राजनीति ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता, चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता और विपक्ष की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बिहार में वोट चोरी के आरोपों और सरकारी संस्थाओं के दुरुपयोग को लेकर उठे सवालों के बीच लोकतांत्रिक जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि बिहार में गरीबों, दलितों, पिछड़ों और वंचित तबकों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाने, जमीन से बेदखली और आजीविका के संकट जैसे सवालों पर सरकार निष्क्रिय है बल्कि उल्टा गरीबों पर जुल्म ढा रही है। लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव कराना नहीं, बल्कि जनता के संवैधानिक अधिकारों, असहमति की आवाज और सामाजिक न्याय की रक्षा करना भी है।

कॉमरेड मुकेश मुक्त ने कहा कि बिहार विधान परिषद चुनाव में पार्टी दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा, इंडिया गठबंधन की सहयोगी पार्टियों की पहले से जीती हुई सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों को समर्थन देने का निर्णय लिया गया है। दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस और तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सीपीआई उम्मीदवार को भाकपा (माले) ने समर्थन दिया है। कोसी स्नातक सहित शेष अन्य सीटों पर भाकपा (माले) आगामी 23 अक्टूबर को होने वाले चुनाव में एनडीए उम्मीदवारों को हराने के लिए वोट करेगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन प्रमंडल समस्तीपुर, भवन निर्माण विभाग
केवल ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर
ई0 – निविदा आमंत्रण सूचना (TWO BID SYSTEM)
अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 20/भ0प्र0समस्तीपुर/2026–2027

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (Internet payment Gateway Chalan के माध्यम से) (रू0 में)	बीड़ प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1.	Repair work of Administrative Building, Girl's Hostel & Boy's Hostel (2 block) including water supply & sanitary installation at Kameshwar Narayan Singh Govt. Polytechnic Kishanpur Tabkha Under Bibhutipur Block in Distt. Samastipur (with electrical work).	1,21,92,500.00	244000.00	10000.00	As per Website	06 माह।

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, समस्तीपुर।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि – 15.10.2026
3. निविदा को सिस्टम पर अपलोड करने की तिथि – 05.11.2026
4. निविदा कागजात डाउनलोड/अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय – 26.11.2026 के 03.00 बजे अप0 तक।
5. टेकनीकल बीड खोलने की तिथि एवं समय – 27.11.2026 के 03.30 बजे अप0 तक।
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय पदाधिकारी – तकनीकी बीड मूल्यांकनोपरांत सक्षम के आदेशानुसार।
7. निविदा बिक्री, प्राप्ति एवं खोलने का स्थान – वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
8. निविदा स्वीकृत करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – अधीक्षण अभियंता, भ0नि0 वि0,भवन अंचल दरभंगा

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, समस्तीपुर
भवन निर्माण विभाग

PR- 013914 (BCD) 2026-27
विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01 SBD / 2026-27
(राष्ट्रीय स्पर्द्धा)
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
1. कार्य का विवरण –

ग्रुप सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में)	अग्रधन की राशि (लाख रू0 में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल / मैनुअल मोड में भुगतेय)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में	बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में	कार्य समाप्ति की अवधि
1	पैमार सिंचाई योजनान्तर्गत बायाँ मुख्य नहर के विभिन्न बिन्दुओं पर तटबंध सुदृढ़ीकरण तथा आवश्यक नहर संरचनाओं के जीर्णोद्धार/मरम्मति का कार्य।	279.45813	5.59000	10000.00	5900.00	03 माह

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक –15.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक – 28.10.2026 से दिनांक – 04.11.2026 के 3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक– 31.10.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, नालन्दा, बिहारशरीफ के कार्यालय कक्ष में।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक – 06.11.2026, समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर ।
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ। मो0न0: 7463889411
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in एवं wrd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.013923 (WRD) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल
बिहार सरकार
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07R/PHED@ARWAL@2026-27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक 13.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की तिथि :– दिनांक 26.10.2026 से 31.10.2026 को 5.00 बजे अपराह्न् तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 31.10.2026 को 5:00 बजे अपराह्न् तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. अग्रधन एवं परिमाण विपत्र के मूल्य एवं प्रोसेसिंग शुल्क का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अन्तिम तिथि,समय एवं स्थान (Uplodead सभी कागजात हार्ड कॉपी में) :– दिनांक 02.11.2026 को 3:00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल/अधीक्षण अभियंता, आरा अंचल, आरा/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना के कार्यालय में।
6. निविदा (तकनीकी बीड) खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल। दिनांक–02.11.2026 को 04:00 बजे पूर्वाह्न्। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. कार्य का विवरण :–

ग्रुप0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाखमें)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र मूल्य रूपये में	बेल्ट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस + अन्य कर (अप्रत्यर्पणीय रूप में)	कार्य समाप्ति की अवधि (माह में)
1	2	3	4	5	6	7
	लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में एस0सी0/एस0टी0/सरकारी स्कुल/सरकारी आंगनवाड़ी केन्द्र तथा पेयजल समस्याग्रस्त टोलों/वसावटों में पुराने जीर्ण–शीर्ण बंद चापाकलों के अकार्यरत होने की स्थिति में पेयजल समस्या से निजात हेतु एवं प्राकृतिक आपदा (सुखाड़/बाढ़) के कारण पेयजलापूर्ति हेतु नये IM –II चापाकलों का निमार्ण, प्लेटफार्म एवम् नाली सहित निर्माण तथा सोख्ता का निर्माण कार्य :–					
1.	125mmx40mmx61m गहराई का IM-II चापाकल 50 अदद तथा 1Mtr. व्यास x 2Mtr.गहराई का सोख्ता निर्माण कुल–50 अदद।	47.05	0.941	5000.00	590.00	2 माह

8. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर अथवाwww.eproc2.bihar.gov.in वेवसाईट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल

PR- 013911 (PHED) 2026-27
विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार